# एमपी में बारिश का असर, कलियासोत डैम के दो गेट खुले, नदियां उफान पर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय है। पूर्वी हिस्से के बाद अब पश्चिमी मध्यप्रदेश में भी बारिश का दौर तेज हो गया है। लगातार बारिश के चलते कई जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं और जलभराव की स्थिति बन रही है। कई बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। भोपाल में रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे कलियासोत बांध के दो गेट खोले गए। इससे पहले शनिवार रात करीब 11 बजे चार गेट खोले गए थे, जिन्हें पानी छोड़े जाने के बाद रात 12 बजे एक-एक कर बंद कर दिया गया था। वहीं, उज्जैन में बारिश के बीच शनिवार देर रात महाकाल मंदिर से रामघाट जाने वाले मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक पुराना महाकाल द्वार गिर गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**नदी में बहे युवक का शव मिला:** शिवपुरी जिले के सिकराऊदा गांव में रविवार सुबह 21 वर्षीय राम रावत का शव गहलोनी के पास नदी किनारे मिला। राम शुक्रवार को रपटा पार करते समय तेज बहाव में बह गया था। शनिवार को एसडीईआरएफ की टीम ने दिनभर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। रविवार को जलस्तर कम होने के बाद ग्रामीणों ने शव देखा।

**खेतों में पानी, सोयाबीन को नुकसान की आशंका :** शाजापुर जिले के अकोदिया क्षेत्र में कभी तेज तो कभी धीमी बारिश हो रही है। लगातार पानी गिरने से खेतों में जलभराव हो गया है। सोयाबीन के खेतों में पानी भरने से फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वहीं शिवपुरी के पोहरी क्षेत्र में भारी बारिश के बाद पवा झरने का बहाव भी तेज हो गया है।

# आज मप्र पवेलियन का उद्घाटन करेंगे सीएम

*__भोपाल।__ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के चार दिवसीय दुबई प्रवास का दूसरा दिन मध्यप्रदेश के लिए वैश्विक निवेश और आर्थिक साझेदारी के नए अवसर तलाशने पर केंद्रित रहेगा। सोमवार, 7 सितम्बर को मुख्यमंत्री एआईएम कांग्रेस 2026 में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों और संयुक्त अरब अमीरात के वरिष्ठ नेतृत्व से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री एआईएम कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के साथ मध्यप्रदेश पवेलियन का उद्घाटन करेंगे। यहां प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, निवेश की संभावनाओं और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।*

*डॉ. यादव एआईएम कांग्रेस के लीडर्स सेशन को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान वे मध्यप्रदेश की विकास यात्रा और निवेश अनुकूल वातावरण की जानकारी देते हुए वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री की रास अल खैमाह के शासक शेख सऊद बिन सक्र अल कासिमी, तातारस्तान गणराज्य के गवर्नर तथा यूएई के वरिष्ठ मंत्रियों से भी बैठकें प्रस्तावित हैं। इनमें निवेश, व्यापार, पर्यटन और आर्थिक सहयोग को लेकर चर्चा होगी। दिन का प्रमुख आकर्षण 'इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश, इंडिया' निवेश सत्र रहेगा, जिसमें मुख्यमंत्री वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों, औद्योगिक अधोसंरचना और उपलब्ध अवसरों की प्रस्तुति देंगे। लूलू ग्रुप इंटरनेशनल के अध्यक्ष यूसुफ अली एम.ए. के साथ बैठक में भी निवेश और व्यापार विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा होगी। दिन का समापन दुबई के महावाणिज्य दूत द्वारा आयोजित रात्रिभोज के साथ होगा।*

## प्रदर्शनी का उद्घाटन ...



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दुबई में ताज दुबई, बिजनेस बे में ओडीओपी और जीआई उत्पाद प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया।

# भारत बन रहा आर्थिक शक्ति केंद्र

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व की मजबूत आर्थिक शक्तियों में अपनी पहचान बना रहा है। व्यापार, वाणिज्य और उद्योग के क्षेत्र में देश की प्रगति लगातार तेज हो रही है और मध्यप्रदेश भी इस विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात पहुंचने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका दौरा वैश्विक स्तर पर निवेश की नई संभावनाओं को साकार करने और मध्यप्रदेश के अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा से भारत और यूएई के द्विपक्षीय संबंधों को भी नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज पारदर्शी और सरलीकृत व्यवस्था के साथ व्यापारिक गतिविधियों को आगे बढ़ा रहा है। विभिन्न राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना है, जिससे विकास को गति मिल रही है। उन्होंने इसे देश के लिए स्वर्णिम काल बताया।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेश के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश से निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है और पिछले एक वर्ष में करीब 76 हजार करोड़ रुपये का निर्यात दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य लॉजिस्टिक्स, माइनिंग, एग्रीकल्चर और रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना है।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल के बंगले में घुसे कांग्रेस कार्यकर्ता, पुलिस ने खदेड़ा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र के रीवा जिले में कल्पना मिश्रा और उसके नवजात बच्चे की मौत के मामले में रविवार को रीवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के बंगले के बाहर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इसी दौरान कुछ कार्यकर्ता बंगले के अंदर प्रवेश कर गए। पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी बहस भी हुई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि संजय गांधी अस्पताल में इलाज और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि अब तक हुई निलंबन और प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है।



मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। इधर, बेटी कल्पना को न्याय दिलाने की मांग को लेकर उसके पिता रामशिरोमणि मिश्रा का सिरमौर चौराहे पर आमरण अनशन रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा।

## सत्ता के गलियारे...

डॉ. शिशिर उपाध्याय



### • वो क़त्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होती...

एक बड़े साहब इन दिनों अपने ऊपर लगे चार्ज हटवाने और फिर से मुख्यधारा की सक्रिय राजनीति में एंट्री लेने की गुहार लगा रहे हैं। साहब का तर्क भी बड़ा दिलचस्प है-जब बहुत से लोगों पर कत्ल जैसे गंभीर मामलों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो हम निरपराध होकर भी वनवास क्यों काटें? साहब को अब शायद वनवास से ज्यादा राजनीति का मोह सता रहा है।







### • सब पर भारी जिम्मेदारी...

जनता से जुड़े एक महकमे के माननीय इन दिनों खासे परेशान हैं। उनके विभाग में बड़ी-बड़ी गड़बड़ियां पहले इंदौर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, ग्वालियर सहित दूसरे जिलों तक ही सीमित थीं, लेकिन अब तो मामला साहब के अपने शहर और विधानसभा क्षेत्र तक पहुंच गया है। यानी गड़बड़ी ने भी आखिरकार माननीय का पता ढूंढ ही लिया है।

### • चर्चा तो हुई, पर बताएंगे नहीं...

एक माननीय इन दिनों अपने भविष्य को लेकर खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पहले ही किसी बड़े माननीय से मुलाकात कर दिल्ली से लौटे हैं। सहयोगी पूछ रहे हैं कि आखिर हुआ क्या, लेकिन साहब हैं कि मुंह से कुछ निकलने नहीं दे रहे। हालांकि चेहरे पर तैर रही मुस्कान शायद दिल्ली की मीटिंग का एजेंडा पहले ही लीक कर चुकी है।






### • रास्ते के सवाल पर मौन...

पिछले दिनों मध्यप्रदेश के शीर्ष पद पर लंबे समय तक रहे एक माननीय से जब भी उनके क्षेत्र की सड़कों पर चर्चा करने की कोशिश होती है, साहब बिना जवाब दिए आगे बढ़ जाते हैं। लगता है सड़कों का सवाल अब इतना कठिन हो गया है कि जवाब देने से बेहतर रास्ता बदल लेना ही समझदारी है। वैसे, ये वही साहब हैं जो कभी मध्यप्रदेश की सड़कों को अमेरिका की सड़कों से भी बेहतर बता चुके हैं।

### • चुपचाप आगे बढ़ने की सलाह...

एक माननीय पिछले कुछ दिनों से अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर खासे उत्साहित हैं। उत्साह में कुछ अति उत्साह वाले कदम भी उठा रहे थे। लेकिन पूर्व के माननीयों का हश्र देखकर आखिरकार सलाह लेने एक वरिष्ठ माननीय के दरबार में पहुंच गए। वहां से सलाह मिली है—उड़ान भरने में कोई हर्ज नहीं, लेकिन फिलहाल पंख फड़फड़ाने की आवाज थोड़ी धीमी रखिए।







### • ओरछा से मिली ऑक्सीजन...

मध्यप्रदेश की राजनीति में पिछले दिनों हुए घटनाक्रमों के बाद खुद को हाशिए पर मानकर राजनीतिक सूर्यास्त की ओर बढ़ रहे एक नेताजी को ओरछा में मिले महत्व ने एक बार फिर उड़ान की उम्मीद जगा दी है। सहयोगी और शुभचिंतक इसे सिर्फ माननीय के लिए नहीं, बल्कि उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए भी संजीवनी मान रहे हैं। अब देखना यह है कि ओरछा की मिली ऑक्सीजन कितनी देर तक राजनीतिक सांसें चलाती है और कब फिर से साहब का इंजन स्टार्ट होता है।

**2.12 करोड़ की लागत से हो रहा जीर्णोद्धार का काम**

# अचानक गिरा ऐतिहासिक महाकाल द्वार, जनहानि नहीं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के लिए चल रही तैयारियों के बीच शनिवार देर रात महाकालेश्वर मंदिर से रामघाट जाने वाले प्राचीन मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक महाकाल द्वार अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय द्वार के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसके चलते जनहानि टल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रविवार सुबह स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि शहर में सिंहस्थ की तैयारियों को निर्माण कार्य चल रहे हैं। महाकाल द्वार के समीप निर्माण कार्य के दौरान गहरी खुदाई की जा रही है। पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण मिट्टी में नमी बढ़ने और जमीन के सेटलमेंट की वजह से द्वार की संरचना प्रभावित होने की आशंका है।



हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। कार्यपालन यंत्री कमल सक्सेना ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसा रात को हुआ है। आसपास डीप एक्सकेवेशन का काम चल रहा था और लगातार बारिश भी हुई है। ऐसे में जमीन के धंसने यानी सेटलमेंट के कारण द्वार के गिरने की आशंका है। उन्होंने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या अन्य नुकसान की जानकारी नहीं है। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड की महाकाल मंदिर परिसर विस्तार परियोजना के तहत करीब 2.12 करोड़ रुपये की लागत से इसके जीर्णोद्धार का काम किया जा रहा था। इस द्वार के जीर्णोद्धार में आधुनिक सीमेंट के बजाय पारंपरिक चूना तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा था।

# सुरक्षित सफर और ग्रीन मोबिलिटी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**▸▸ 11 और 12 सितंबर को इंदौर में यात्री परिवहन विजन समिट-2026 की जाएगी आयोजित**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में आधुनिक यात्री परिवहन व्यवस्था के विस्तार के साथ सुरक्षित सफर और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। इसी उद्देश्य से 11 और 12 सितंबर को इंदौर में यात्री परिवहन विजन समिट-2026 आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प प्रत्येक यात्री को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि समिट में यात्री परिवहन सेवाओं के विस्तार और उन्हें अधिक सुदृढ़ बनाने की संभावनाओं पर विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति निर्माताओं के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन में सुरक्षित परिवहन के साथ हरित परिवहन और बेहतर आवागमन व्यवस्था के नए अवसरों पर विशेष ध्यान केंद्रित रहेगा।

सरकार का मानना है कि यह समिट प्रदेश की यात्री परिवहन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, टिकाऊ और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इसके माध्यम से परिवहन क्षेत्र में संभावित निवेश और नई साझेदारियों के अवसर भी तैयार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सार्वजनिक परिवहन केवल आवागमन की सुविधा नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास का भी महत्वपूर्ण आधार है। यात्री परिवहन विजन समिट भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मध्यप्रदेश में परिवहन व्यवस्था की ठोस रूपरेखा तैयार करने में सहायक बनेगी।

# नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह को विस अध्यक्ष तोमर ने दिलाई की शपथ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर हाल ही में संपन्न हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह ने रविवार को विधानसभा सदस्यता संबंधी शपथ ली। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने कक्ष में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने घनश्याम सिंह को शपथ लेने के बाद बधाई दी और सम्मानित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, विधायक फूल सिंह बरैया एवं कांग्रेस नेता अवधेश नायक उपस्थित थे। गौरतलब है कि इसी साल जुलाई-अगस्त में हुए दतिया उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी घनशयाम सिंह ने भाजपा के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 6029 वोटों से हराया था। इससे पहले भी यह सीट कांग्रेस के पास ही थी। घनश्याम सिंह दतिया के राजघराने से आते हैं।

# उल्लास के साथ मना ओणम उत्सव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के तटीय ग्राम मुक्ताकाश प्रदर्शनी परिसर में रविवार को ओणम उत्सव 2026 पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के बीच संपन्न हुआ। संग्रहालय और ऑल इंडिया मलयाली एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन का भी सहयोग रहा। बड़ी संख्या में केरल मूल के नागरिकों, शोधार्थियों और संग्रहालय से जुड़े लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उत्सव के दौरान परिसर में स्थापित भद्रकाली अंबालम, चुंडन वल्लम यानी पारंपरिक सर्प नौका और सर्पकावु में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्य पुजारी संतोष शांति ने वैदिक एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। सर्पकावु में नागदेवता की



पूजा के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण और लोक आस्था के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। केरल के पारंपरिक वाद्य चेंडा की गूंज ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। पूजा के बाद श्रद्धालुओं को पारंपरिक प्रसाद वितरित किया गया। समारोह में केरल के प्रसिद्ध लोकगीत कुट्टनादन पुंजयिले की प्रस्तुति ने दर्शकों को आकर्षित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में केरल की नौका दौड़ परंपरा, भद्रकाली की आराधना और सामुदायिक जीवन की झलक दिखाई दी। संग्रहालय के निदेशक प्रो. डॉ. अमिताभ पांडे ने कहा कि ओणम केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामूहिकता, प्रकृति के प्रति सम्मान और देश की सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है। ऐसे आयोजन विभिन्न समुदायों के बीच सांस्कृतिक संवाद और एकात्मता को मजबूत करते हैं।

**शुभारंभ** *पुलिस अकादमी में 46वें ...*

# उप पुलिस अधीक्षक बैच का प्रशिक्षण शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में 46वें उप पुलिस अधीक्षक बैच के बुनियादी प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में 17 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल हुए, जिनमें छह पुरुष और 11 महिला अधिकारी हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के निदेशक एवं विशेष पुलिस महानिदेशक रवि कुमार गुप्ता ने की।

प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए रवि कुमार गुप्ता ने कहा कि एक प्रभावी पुलिस अधिकारी के लिए अच्छा श्रोता होना, मैदानी कार्य की समझ, कार्य प्रबंधन, प्रशासनिक निर्णय क्षमता और कानून-व्यवस्था प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से अपराध अनुसंधान और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जरूरतमंद लोगों की सहायता पुलिस सेवा के महत्वपूर्ण आधार हैं। बदलती परिस्थितियों के अनुरूप नवाचार अपनाकर जन-केंद्रित और प्रभावी पुलिसिंग करना आज की आवश्यकता है। प्रशिक्षण में परंपरागत पुलिस व्यवस्था के आधारभूत ज्ञान के साथ आधुनिक और तकनीक



आधारित पुलिसिंग से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षु अधिकारियों को आधुनिक भारत एवं पुलिस व्यवस्था, भारतीय संविधान, मानव अधिकार, नीतिशास्त्र, अपराधशास्त्र, व्यक्तित्व विकास, मानव व्यवहार, प्रबंधन, कानून-व्यवस्था तथा अपराध अनुसंधान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानूनों का भी अध्ययन कराया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षण स्टाफ तथा 45वें और 46वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित रहे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com